भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4024
उत्तर देने की तारीख 18 अगस्त, 2025
27 श्रावण, 1947 (शक)

आगामी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

4024. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:
श्री अरुण गोविल :
श्री अनिल फिरोजिया:
श्री मनोज तिवारी:
श्री नव चरण माझी:
श्री खगेन मुर्मु:
श्री बिभु प्रसाद तराई:
श्री गोडम नागेश:
श्री आलोक शर्मा:
श्री योगेन्द्र चांदोलिया:
श्रीमती कमलजीत सहरावत:
श्री दामोदर अग्रवाल:
डॉ. मन्ना लाल रावत:
सुश्री कंगना रनौत :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के पिछले संस्करणों में महिलाओं और जनजातियों की भागीदारी के आंकड़ों का ब्यौरा क्या है;

(ख) आगामी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में, विशेषकर हिमाचल प्रदेश के मंडी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में, कौन- कौन से खेल शामिल किए जाएंगे और इस संस्करण में 2024 के खेलों की उपलब्धियों को किस प्रकार आगे बढ़ाने की योजना है;

(ग) क्या इस आयोजन के संबंध में किसी खेल छात्रवृत्ति की घोषणा की गई है और यदि हाँ, तो उसके संवितरण सहित प्रदान की गई छात्रवृत्ति का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त खेलों से देश में 25 वर्ष से कम आयु वर्ग के एथलीटों के विकास को सुदृढ़ बनाने में किस प्रकार योगदान मिलने की सम्भावना है; और

(ङ) क्या सरकार उत्तर-पूर्वी दिल्ली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय युवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एक खेल परिसर स्थापित करने की योजना बना रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) अब तक, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) के चार संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें देश भर से 14,000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। इनमें से 6,800 से अधिक प्रतिभागी महिलाएँ थीं, जो कुल भागीदारी का लगभग 47.54% है, जो विश्वविद्यालय स्तर के खेलों में महिलाओं के व्यापक प्रतिनिधित्व को दर्शाता है। खेलो इंडिया गेम्स में समाज के सभी वर्गों के प्रतिभागी शामिल होते हैं। खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत, जनजातीय समुदायों की भागीदारी सहित, समुदाय-वार आँकड़े नहीं रखे जाते हैं। सभी केआईयूजी में एथलीटों की भागीदारी का विस्तृत विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आगामी संस्करण के लिए खेल विधाओं को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। आगामी संस्करण में 2024 खेलों की उपलब्धियों को आगे बढ़ाते हुए प्रतिस्पर्धी ढांचे को और सुदृढ़ करने, एथलीटों की भागीदारी बढ़ाने, और अवसंरचना और संगठनात्मक क्षमताओं को बढ़ाकर विश्वविद्यालय स्तर के एथलीटों के लिए एक अधिक मज़बूत खेल इकोसिस्टम बनाने की उम्मीद है।

(ग) खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के संबंध में खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत प्रत्यक्ष छात्रवृत्ति का कोई प्रावधान नहीं है।

(घ) खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स देश में 25 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के विकास पथ को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्वविद्यालय स्तर के खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करके, ये खेल प्रतिभाओं की शीघ्र पहचान और पोषण में सहायक होते हैं। खिलाड़ियों को उच्च-स्तरीय प्रतियोगिताओं का अमूल्य अनुभव प्राप्त होता है, जो उनके समग्र विकास में योगदान देता है।

(ङ) जी, नहीं।

*****

अनुबंध– I

"आगामी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स" के संबंध में माननीय लोक सभा सदस्य श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल, श्री अरुण गोविल, श्री अनिल फिरोजिया, श्री मनोज तिवारी, श्री नव चरण माझी, श्री खगेन मुर्मु, श्री बिभु प्रसाद तराई, श्री गोडम नागेश, श्री आलोक शर्मा, श्री योगेन्द्र चांदोलिया, श्रीमती कमलजीत सहरावत, श्री दामोदर अग्रवाल, डॉ. मन्ना लाल रावत एवं सुश्री कंगना रनौत द्वारा दिनांक 18.08.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4024 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) में एथलीटों की भागीदारी

क्र. सं.	आयोजित खेल	शहर/स्थल	भाग लेने वाले पुरुष एथलीटों की संख्या	भाग लेने वाली महिला एथलीटों की संख्या	भाग लेने वाले एथलीटों की कुल संख्या
1	केआईयूजी 2020	कटक और भुवनेश्वर	1626	1540	3166
2	केआईयूजी 2021	बैंगलोर	2054	1840	3894
3	केआईयूजी 2022	लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, जीबी नगर, नई दिल्ली	1905	1708	3613
4	केआईयूजी 2023	असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, नागालैंड और त्रिपुरा	1932	1726	3658
		कुल	**7517**	**6814**	**14331**

*****